**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**04.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1604 का उत्तर**

**सुल्तानपुर से चलने वाली दैनिक ट्रेन का संचालन**

**1604. श्री रामभुआल निषाद:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सुल्तानपुर (एसएलएन) से मुंबई जाने वाले यात्रियों की संख्या बहुत अधिक है लेकिन मुंबई के लिए प्रतिदिन कोई रेलगाड़ी नहीं है जिसके कारण यात्रियों को आरक्षण नहीं मिल पाता है;**

**(ख) यदि हां, क्या सरकार का सुल्तानपुर से प्रतिदिन चलने वाली रेलगाड़ी का संचालन शुरू करने का विचार है;**

**(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ): वर्तमान में, सुल्तानपुर मुंबई क्षेत्र 04 जोड़ी रेलगाड़ियों द्वारा जुड़ा हुआ है, जिसमें सप्ताह में दो बार चलने वाली दो जोड़ी और सप्ताह में एक बार चलने वाली दो जोड़ी रेलगाड़ी सेवाएँ शामिल हैं। भारतीय रेल पर, आरक्षित सीटों की मांग का स्वरूप पूरे वर्ष एक जैसा नहीं रहता है और यह कम व्यस्त और अधिक व्यस्त अवधि में अलग-अलग रहता है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर रेलगाड़ी सेवाओं को शुरु करना और उन्हें ठहराव देना एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता के अध्यधीन है।**

**********

S.K